आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भीमराव आम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है।
- खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा– राज्य सरकार राष्ट्रीय खेलों में पारंपरिक खेलों को प्रदर्शन खेल की बजाय मेडल गेम्स में शामिल करने का प्रयास कर रही है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर को लगातार ग्यारहवीं बार छह दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।
- उत्तरकाशी जिले में जल जीवन मिशन के तहत पूरी हो चुकी योजनाओं के सत्यापन के लिए अभियान शुरू।

अंबेडकर जयंती

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भीमराव आम्बेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के योगदान को दर्शाने के लिए पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भुवनेश्वर में बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसद के अन्य सदस्यों और कई गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रीय खेल आयोजन

राज्य सरकार राष्ट्रीय खेलों में पिट्ठू, मलखंभ और राफ्टिंग जैसे पारंपरिक खेलों को प्रदर्शन खेल की बजाय मेडल गेम्स में शामिल करने का प्रयास कर रही है। इन खेलों का आयोजन प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में कराया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस मुद्दे को भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे के दौरान उनके समक्ष रखा जाएगा। इस दिशा में अधिकारियों को तैयारी के निर्देश भी दिए गए हैं।

देहरादून स्थित राष्ट्रीय खेल सचिवालय में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेलों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा निर्धारित 32 खेलों के आयोजन स्थलों के निरीक्षण की स्थिति पर भी चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों से निरीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खेलों की धनराशि को दोगुना करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के दौरान भोजन भत्ते को 480 रुपये रखने के सरकारी आदेश जारी न होने पर नाराजगी जताते हुए श्रीमती आर्या ने आधिकारियों को त्वरित करवाई के निर्देश दिए।

<u>प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना</u>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए पौड़ी जिले में पाठशाला लगाई जा रही है। इसी कड़ी में कोटद्वार के दुगड्डा विकासखण्ड के झंडीचौड़ पूर्वी और मावाकोट के पंचायत भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर जागरुक किया गया। इसके साथ ही उन्हें मृदा परीक्षण का भी महत्व समझाया गया।

कोटद्वार के कृषि अधिकारी, भगवान दास वर्मा बताते हैं कि इस बार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर किसानों में पहले से अधिक जागरूकता देखी जा रही है।

<u>खनन रोक</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने देहरादून के डोईवाला में सुसुवा और एक अन्य नदी में भारी मशीनों के जरिए खनन की अनुमति पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने खनन कार्य बिना भारी मशीनों से करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, राज्य सरकार से चार सप्ताह में इस मामले पर जवाब दाखिल करने को भी कहा है। उच्च न्यायालय में इस संबंध में दायर जनहित याचिका में कहा गया था कि भारी मशीनों से खनन के कारण नदी का जल स्तर घट गया है, जिससे सिंचाई और कृषि योग्य भूमि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा मशीनों के इस्तेमाल से स्थानीय लोग रोजगार से वंचित हो गए हैं।

<u>आर.बी.आई</u>

भारतीय रिजर्व बैंक– आर.बी.आई ने आज नीतिगत रेपो दर को लगातार ग्यारहवीं बार छह दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। आर.बी.आई गर्वनर शक्तिकात दास ने बताया कि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर छह दशमलव दो–पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर छह दशमलव सात–पांच प्रतिशत पर बनी हुई है।

आरबीआई ने फरवरी 2023 से बेंचमार्क ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रखी है।

अभियान

उत्तरकाशी जिले में जल जीवन मिशन के तहत पूरी हो चुकी योजनाओं के सत्यापन के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए राजस्व और ग्राम्य विकास विभाग के कार्मिकों की टीम को मौके पर जाकर सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई है। जिला मुख्यालय में आयोजित एक बैठक में सत्यापन अभियान और जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित कार्य समुचित गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पंपिंग पेयजल योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर बड़ी योजनाओं के निर्माण कार्य के लिए श्रमिकों और अन्य आवश्यक संसाधनों की तैनाती बढाने कहा। साथ ही पेयजल निगम और जल संस्थान के अधीक्षण अभियंताओं को इन कामों की प्रगति पर नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

शिक्षा मंत्री

प्रदेश में अध्ययनरत तेईस लाख छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम किया जा रहा है। अभी तक 9 लाख बच्चों की आईडी बन चुकी है और 30 जनवरी तक सभी बच्चों की 'अपार आईडी' बना दी जांएगी। मसूरी के एक स्कूल के वार्षिकोत्सव का संबोधित करते हुए विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने कहा कि इस आई से बच्चों की मैपिंग की जाएगी, जिससे यह पता लग सकेगा कि कौन बच्चा किस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

पीएम स्वानिधि योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना फुटपाथ विक्रेताओं के लिए सहारा बन रही है। चमोली जिले में नगर पालिका और पंचायतों की ओर से योजना के तहत वर्तमान तक 574 व्यापारियों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे व्यापारियों की आय में वृद्धि हो रही है। वहीं जिले में बैंक स्तर पर 64 आवेदन गतिमान हैं। जबकि 17 मामलों में ऋण वितरण की कार्यवाही जारी है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से कोरोना काल के बाद स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय को पुनः स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का संचालन शुरू किया गया। इसमें सरकार की ओर से व्यवसायियों को तीन चरण में ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया। जिसमें जहां 7 फीसदी ब्याज में छूट केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की गई, वहीं राज्य सरकार की ओर से भी योजना में 2 फीसदी ब्याज का सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जा रहा है।